# पहले गन्ना मूल्य नीति तय हो : मिलें

**राज्य मुख्यालय।** उत्तर प्रदेश की निजी चीनी मिलों के संगठन यूपी शुगर मिल्स एसोसिएशन (यूपी इस्मा) ने केन्द्र और प्रदेश सरकार से अपील की है कि आगामी पेराई सत्र के लिए गन्ना क्षेत्र आरक्षण की बैठकों से पहले तर्क संगत गन्ना मूल्य निर्धारण नीति लागू की जाए।

दस सितम्बर से गन्ना क्षेत्र आरक्षण की बैठकों का कार्यक्रम घोषित किए जाने को 'यूपी इस्मा' ने समय से पहले उठाया गया कदम करार दिया है। गुरुवार को जारी बयान में उसने कहा है कि प्रदेश की 95 निजी चीनी मिलों में से 66 मिलें सरकार को पहले ही कह चुकी हैं कि मौजूदा विषम परिस्थितियों में अगले पेराई सत्र में ये मिलें पेराई नहीं कर पाएंगी।

हिन्दुस्तान 29/8/014 - P. 2